# ગુજરાત માધ્યમિક અને ઉચ્ચતર માધ્યમિક શિક્ષણ બોર્ડ, ગાંધીનગર

શૈક્ષણિક વર્ષ 2020-21 માટે

## कक्षा-10 हिन्दी ( प्रथम भाषा )

## वार्षिक परीक्षा

**समय : 3 घंटे** **प्रश्नपत्र का प्रारूप** **पूर्णांक : 80**

**નોંધ:** આ પરિરૂપ વિદ્યાર્થીઓ, શિક્ષકો, પ્રાશ્નિકો, મોડરેટર્સ વગેરેના માર્ગદર્શન માટે છે. જે તે વિષયોના પ્રાશ્નિક તેમજ મોડરેટર્સને માધ્યમિક અને ઉચ્ચતર માધ્યમિક શિક્ષણના બૃહદ્ હાર્દ/ઉદ્દેશને સુસંગત રહી પ્રશ્નપત્રની સંરચના બાબતે ફેરફાર કરવાની છૂટ રહેશે.

उद्देश्य अनुसार भारांक :

| हेतु | ज्ञान (K) | समझ (U) | उपयोजन (A) | उच्च वैचारिक कौशल | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संयोजन/विश्लेषण | अनुभाग/मूल्यांकन | |
| **पूर्णांक** | 12 | 25 | 16 | 16 | 11 | 80 |
| प्रतिशत | 15 | 31.25 | 20 | 20 | 13.75 | 100 |

प्रश्न प्रकार अनुसार भारांक :

| क्रमांक | प्रश्न का प्रकार | विकल्प सहित प्रश्नो की संख्या | विकल्प रहित प्रश्नो की संख्या | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हेतुलक्षी प्रश्न (O) | 24 | 24 | 24 |
| 2. | टूंक जवाबी प्रश्न (VSA) | 15 | 15 | 15 |
| 3. | टूंक जवाबी प्रश्न (SA-I) | 09 | 08 | 16 |
| 4. | टूंक जवाबी प्रश्न (SA-II) | 05 | 03 | 09 |
| 5. | दीर्घ प्रश्न (LA) | 04 | 02 | 08 |
| 6. | निबंधात्मक प्रश्न (EA) | 01 | 01 | 08 |
| | कुल | **58** | **53** | **80** |

विभाग अनुसार भारांक :

| क्रम | विभाग | गुणांकन |
|---|---|---|
| **1.** | गद्य विभाग | **25** |
| **2.** | पद्य विभाग | **25** |
| **3.** | व्याकरण | **15** |
| **4.** | लेखन | **15** |
| | कुल | **80** |

**નોંધ :** ગુજરાત માધ્યમિક અને ઉચ્ચતર માધ્યમિક શિક્ષણ બોર્ડ દ્વારા શૈક્ષણિક વર્ષ 2020-21 માટે અભ્યાસક્રમના રદ કરેલા પ્રકરણ/મુદ્દાઓમાંથી પ્રશ્નો પૂછવા નહિ.

### व्याकरण अनुसार भारांक

| क्रम | व्याकरण | गुणांकन |
|---|---|---|
| 1. | पर्यायवाची शब्द | 02 |
| 2. | समास विग्रह | 02 |
| 3. | शब्दसमूह के लिए एक शब्द | 02 |
| 4. | निपात | 02 |
| 5. | समुच्चय बोधक, क्रियापद या क्रियाविशेषण | 02 |
| | ( कोई एक ) | |
| 6. | कहावत | 01 |
| 7. | मुहावरे | 04 |
| | कुल | 15 |

# ગુજરાત માધ્યમિક અને ઉચ્ચતર માધ્યમિક શિક્ષણ બોર્ડ, ગાંધીનગર

શૈક્ષણિક વર્ષ 2020-21 માટે

## कक्षा-10 हिन्दी ( प्रथम भाषा )

## वार्षिक परीक्षा

**समय : 3 घंटे** **प्रश्नपत्र का प्रारूप** **पूर्णांक : 80**

### विभाग-A ( गद्य विभाग ) [25]

- वस्तुनिष्ठ (हेतुलक्षी) प्रश्नो के उत्तर दीखिए। 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10 [10]
- एक-एक में उत्तर दीजिए : प्रश्न - 11, 12 [02]
- दो-तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए : प्रश्न - 13, 14, 15, 16 (कोई तीन) [06]
- छ-सात वाक्यो में उत्तर दीजिए : प्रश्न 17 अथवा 18 [04]
- ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : प्रश्न 19 अथवा 20 [03]

### विभाग-B ( पद्य विभाग ) [25]

- वस्तुनिष्ठ (हेतुलक्षी) प्रश्नो के उत्तर दीजिए : प्रश्न - 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30 [10]
- एक-एक में उत्तर दीजिए : प्रश्न - 31, 32 [02]
- दो-तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए : प्रश्न - 33, 34, 35 [06]
- छ-सात वाक्यो में उत्तर दीजिए : प्रश्न 36 अथवा 37 [04]
- ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : प्रश्न 38 अथवा 39 [03]

### विभाग-C ( व्याकरण विभाग ) [15]

- पर्यायवाची शब्द लिखिए। (प्रश्न 40 - 41) [02]
- सामासिक पद का विग्रह करके नाम दीजिए। प्रश्न - 42, 43 [02]
- शब्द समूह के लिए एक शब्द दीजिए। प्रश्न - 44, 45 [02]
- निपात ढूंढकर लिखिए। प्रश्न - 46, 47 [02]
- समुच्चयबोधक, क्रियापद या क्रिया विशेषण। प्रश्न - 48, 49 [02]
  (कोई एक पहचानने के लिए दीजिए)
- कहावत का अर्थ लिखिए। प्रश्न - 50 [01]
- मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए। (प्रश्न 51 - 52) [04]

### विभाग-D ( लेखन कार्य ) [15]

- औपचारिक पत्र लिखने के लिए दीजिए। प्रश्न - 53 [03]
- पूरक वाचन (कृतिका-भाग-2) में से किसी एक परिच्छेद के आधार पर चार प्रश्न पूछिए। [04]
  प्रश्न - 54, 55, 56, 57
- निबंधलेखन लगभग 250 शब्दों पूछिए : प्रश्न - 58 (अ, ब, क, ड) [08]

# ગુજરાત માધ્યમિક અને ઉચ્ચતર માધ્યમિક શિક્ષણ બોર્ડ, ગાંધીનગર

શૈક્ષણિક વર્ષ 2020-21 માટે

## कक्षा–10 हिन्दी ( प्रथम भाषा )

## वार्षिक परीक्षा

**समय : 3 घंटे** **नमूने का प्रश्नपत्र** **पूर्णांक : 80**

सूचना : (1) इस प्रश्नपत्र के चार विभाग है।
(2) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
(3) सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

### ( विभाग-A )

- **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।** **[05]**

(1) रामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा रचित 'बालगोबिन भगत' पाठ किस साहित्यिक विधा में लिखा गया है ?
(A) रेखाचित्र (B) उपन्यास (C) संस्मरण (D) कहानी

(2) फादर कामिल बुल्के इन्जीनियरींग छोडकर सन्यासी क्यों बन गए ?
(A) प्रभु की इच्छा से (B) पारिवारिक शांति के कारण
(C) पादरियों के प्रभाव से (D) संसारिक विरक्ति के कारण

(3) नेताजी की मूर्ति पर चश्मा बार-बार कौन बदल देता था ?
(A) पानवाला (B) मूर्ति बनानेवाला अध्यापक
(C) कैप्टन (D) हालदार साहब

(4) फादर कामिल बुल्के मूल रुप से कहाँ के रहनेवाले थे ?
(A) ईग्लैण्ड (B) युगोस्लाविया (C) बेल्जियम (D) फ्रान्स

(5) लेखिका मनु भंडारी की तुलना किससे की जाती थी ?
(A) बड़ी बहन सुशीला (B) बड़ी बहन सुनीता (C) चित्रलेखा (D) शीला अग्रवाल

- **जोडे मिलाइए :** **[05]**

| | **रचनाकार** | | **रचना** |
|---|---|---|---|
| (6) | यशपाल | (अ) | नेताजी का चश्मा |
| (7) | सर्वेश्वरदयाल सक्सेना | (ब) | बालगोबिन भगत |
| (8) | यतीन्द्र मिश्र | (क) | मानवीय करुणा की दिव्य चमक |
| (9) | स्वयं प्रकाश | (ड) | एक कहानी यह भी |
| (10) | मन्नु भण्डारी | (प) | नौबतखाने में इबादत |
| | | (फ) | लखनवी अन्दाज |

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[02]**

(11) डुमराँव को क्यों याद किया जाता है ?

(12) सन्यासी बनने से पूर्व फादर कामिल बुल्के क्या कर रहे थे ?

- **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।** **[06]**

(13) हालदार साहब नेताजी की मूर्ति के चश्मों को क्यो देखते रहते थे ?

(14) बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा गया है ?

(15) भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नही छोडना चाहती थी ?

(16) लेखक ने जवाब साहब का प्रस्ताव क्यों अस्वीकार कर दिया ?

- **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर छः-सात वाक्यों में लिखिए।** **[04]**

(17) लेखक यशपाल को नवाब साहब के किन हाव भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं है। **अथवा**

(18) लेखिका मन्नु भंडारी ने अपने पिता से वैचारिक टकराहट को अपने शब्दों में कैसे व्यक्त किया है ?

- **निम्नलिखित गद्यांशो में से किसी एक गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।** **[03]**

(19) 'फादर कामिल बुल्के को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है।'

अथवा

(20) 'मेरे मालिक सुर बख्श दे। सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखो से सच्चे मोती की तरह अनगढ आँसू निकल आएँ।'

## ( विभाग-B )

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।** **[05]**

(21) 'सुनि सरोज भृगुवंश मनि बोले गीरा गंभीर' - पंक्ति में 'भृगुवंशमनि' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?

(A) लक्ष्मण (B) परशुराम (C) राम (D) विश्वामित्र

(22) 'माँ ने कहा पानी में झाँककर' काव्यांश का शीर्षक क्या है ?

(A) कन्यादान (B) संगतकार (C) छायामत छूना (D) फसल

(23) 'कन्यादान' कविता में माँ के लिए अंतिम पूँजी क्या है ?

(A) बेटी (B) समाज (C) धन (D) ससुराल

(24) परशुराम क्यों क्रोधित हो गए ?

(A) शिव-धनुष टूटने पर (B) लक्ष्मण के कटू वचन सुनकर

(C) निमंत्रण न मिलने से (D) राम के व्यवहार से

(25) गोपियों ने किसको बड़भागी कहा है ?

(A) कृष्ण (B) हारिल (C) उद्धव (D) कमल का पत्ता

- **कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।** **[05]**

(26) गोपियाँ उद्धव के व्यवहार की तुलना ............... से करती हैं।

(कमल-पत्र, भौरा, हारिल)

(27) 'हे देव! हमारे ज्ञान सें तो सभी ................ समान ही है।

(धनुष, बाण, राजसभा)

(28) 'क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं .................... ।

(मौन रहूँ, वाचाल होजाउँ, शयन करुँ)

(29) शिशु की मनोहर मधुर मुस्कान देखकर कवि के हृदय में ................ फूट पड़ा है।

(वात्सल्य, क्रोध, ईर्ष्या)

(30) 'छाया' शब्द का आशय बीते समय की ................... स्मृतियों से है।

(सुखद, दुःखद, विस्मयादि)

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए।** **[02]**

(31) सूरदास ने हारिल की उपमा किसके लिए दी है ?

(32) राम-लक्ष्मण किसके साथ जनकपुर गए थे ?

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए।** **[06]**

(33) कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते हैं ?

(34) संगतकार की भूमिका का महत्व कब सामने आता है ?

(35) 'मृग तृष्णा' किसे कहते हैं - कविता में इसका प्रयोग किस अर्थ में किया गया है ?

- **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर छः-सात वाक्यों में लिखिए।** **[04]**

(36) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

(37) 'स्मृति को पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है ?

- **निम्नलिखित पद्यांशो में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **[03]**

(38) "और उसकी आवाज में जो एक हिचक
साफ सुनाई देती है। या अपने स्वर को उँचा न उठाने की
जो कोशिश है, उसे विफलता नहीं उसकी
मनुष्यता समझा जाना चाहिए।"

(39) जिसके अरुण कपोलों की मतवाली सुन्दर छाया में।
अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में॥

## ( विभाग-C )

- **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।** **[02]**

(40) गगन

(41) समीर

- **निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम दीजिए।** **[02]**

(42) त्रिभुवन

(43) चन्द्रशेखर

- **निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए एक-एक शब्द दीजिए ।** **[02]**

(44) पूरब की ओर से बहने वाली हवा

(45) सबेरे का जलपान

- **निम्नलिखित वाक्यों में से निपात ढूँढकर लिखिए।** **[02]**

(46) सरिता ही बाजार जायेगी।

(47) हालदार साहब अब भी नहीं समझपाये ।

- **निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियापद ढूँढ कर लिखिए ।** **[02]**

(48) जेब से चाकू निकाला ।

(49) नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया ।

- **निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए ।** **[01]**

(50) नाच न जाने आँगन टेढा ।

- **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यप्रयोग कीजिए ।** **[04]**

(51) छू-मंतर होना

(52) आग बबूला होना

**( विभाग-D )**

(53) श्री वर्धमान विद्यालय, महेसाणा में रिक्त लिपिक (क्लर्क) पद हेतु अपना आवेदन पत्र दीजिए । **[03]**

- **निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **[04]**

जापान जाने का अवसर मिला, तब हिरोशिमा भी गया और वह अस्पताल भी देखा जहाँ रेडियम पदार्थ से आहत लोग वर्षो से कष्ट पा रहे थे । इस प्रकार प्रत्यक्ष अनुभव भी हुआ, पर अनुभव से अनुभूति गहरी चीज है, कम से कम कृतिकार के लिए । अनुभव तो घटित का होता है, पर अनुभूति संवेदना और कल्पना के सहारे उस सत्य को आत्मसात कर लेती है जो वास्तव में कृतिकार के साथ घटित नहीं हुआ है । जो आँखो के सामने नहीं आया, जो घटित अनुभव में नहीं आया, वही आत्मा के सामने ज्वलंत प्रकाश में आ जाता है, तब वह अनुभूति प्रत्यक्ष हो जाती है ।

**प्रश्न :**

(54) लेखक को कौन-सी वस्तु गहरी लगी ?

(55) अनुभूति प्रत्यक्ष कब हो जाती है ?

(56) जापान के लोग वर्षो से किस वस्तु से कष्ट पा रहे हैं ?

(57) 'कृतिकार' शब्द किसके लिए आया है ?

(58) **निम्नलिखित विषयो में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए ।** **[08]**

(अ) प्रदूषण एक विकट समस्या

(ब) वैश्विक महामारी के रुप में कोविड-19

(क) मेरा प्रिय साहित्यकार

(ड) कन्या शिक्षण का महत्व

● ● ●